तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

12 जिला कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली की गई ...



12 चिरायु योजना से लौट रही बच्चों की मुस्कान





## खबर संक्षेप

### नगर में आवारा कुत्तों का आतंक : लोकेश



जगदलपुर। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर वार्डों की गलियों और मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट डॉग्स के झुंडों के कारण लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को अकेले बाहर भेजने से परिजन डरते हैं,इसलिए शहर में लगातार कुत्तों के काटने की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। चंद्रशेखर आजाद वार्ड के पार्षद लोकेश चौधरी ने कहा कि नगर निगम को कई बार शिकायत दी गई,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### सरपंच मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे 21 को

जगदलपुर। बास्तानार जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी पंचायतों में विकास कार्यों के लिये शासन प्रशासन द्वारा पंचायतों को राशि नहीं दी जा रही है। साथ ही कुछ पंचायतों में निर्माण कार्य स्वीकृत हुए है, जिन्हें बड़े-बड़े नेताओं जनप्रतिनिधियों द्वारा बाहरी लोगों को दिये जाने की चर्चा है। जिसके विरूद्ध में 21 जुलाई को 11 बजे जनपद पंचायत बास्तानार के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सरपंचों की मांगों को नहीं माना गया तो भविष्य में उग्र आन्दोलन किया जायेगा।

### उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में ई-हियरिंग का शुभारंभ 21 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गौतम चैरड़िया द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बस्तर कार्यालय में ई-हियरिंग का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ 21 जुलाई को सुबह 11 बजे किया जाएगा।

निर्देश : आवास की लागत का भुगतान नहीं करने वालों का निरस्त होगा आवंटन

# हाऊसिंग बोर्ड के तीन संभाग में हितग्राहियों पर 22 करोड़ का बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हितग्राहियों को बकाया का भुगतान करने दी जाएगी अंतिम नोटिस

बस्तर संभाग के 3 संभाग जगदलपुर, कोंडागांव एवं दंतेवाड़ा के हितग्राहियों पर हाऊसिंग बोर्ड के आवास का 22 करोड़ रुपए बकाया है। इसकी वसूली के लिए हितग्राहियों को कई बार नोटिस दिया। अब तक हितग्राहियों नोटिस को अनदेखा किया, इस पर बोर्ड ऐसे बकायादारों का आवास निरस्त करने की तैयारी कर रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार संभाग जगदलपुर के अटल विहार योजना में पंडरीपानी, चोकावाड़ा में हितग्राहियों पर 14.09 करोड रुपए, संभाग कोंडागांव में हितग्राहियों पर 1.49 करोड़ रुपए एवं संभाग दंतेवाड़ा में अटल विहार योजना बीजापुर, चिंतालंका दंतेवाड़ा के हितग्राहियों पर 6.72 करोड़ रुपए का लंबे समय से बकाया है। हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय की ओर से सभी बकायादार हितग्राहियों को नोटिस दिया पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए बकायादार हितग्राहियों को अंतिम नोटिस दिया जाएगा। हाऊसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त ने आवासों का निरीक्षण किया और उसके बाद से ऐसे बकायादार हितग्राहियों के आवासों को निरस्त करने का निर्देश दिया।

### ईई, एसडीओ व उपयंत्रियों को दिए निर्देश

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि बकायादारों की वसूली समय पर भुगतान नहीं होने पर आवास निरस्त कर हितग्राही को आवास से कब्जा हटाया जाएगा। साथ ही संबंधित क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ एवं उपयंत्रियों को निर्देश दिया कि वे हितग्राहियों से बकाया राशि का भुगतान कराएं, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी क्वार्टर में जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कुछ दिन पूर्व यातायात विभाग से लोहण्डीगुड़ा किया गया था स्थानांतरित
- गुरुवार सुबह परिजनों को काम करने की बात कहकर कमरे गया और लगा ली फांसी

पुलिस कॉलोनी परपा स्थित सरकारी क्वाटर में निवासरत जवान ने गुरूवार सुबह अज्ञात कारणों से अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के दौरान घर पर पत्नी व बच्चा भी मौजूद था, जिन्हें उसने काम करना है कहकर कमरे में गया और फांसी लगा ली।

जानकारी के मुताबिक परपा थाना के पीछे स्थित शा स की य क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक के सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी व वरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटा रहे है।



जवान संदीप बाकला (42) मूलतः जशपुर जिले का रहने वाला था। हाल ही में उसका यातायात विभाग से लोहण्डीगुड़ा थाना में स्थानातंरण किया गया था। गुरूवार सुबह घर पर पत्नी व दो साल का बच्चा मौजूद था, इसी दौरान उसने अपनी पत्नी को किसी काम की बात कहते हुए अपने कमरे में चला गया ,जहां जाने के बाद अंदर से कमरे को बंद करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब काफी देर तक नहीं निकलने पर दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर आवाज लगाई और आसपास के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## डेढ़ माह से बिना ईई के चल रहा एनएच आफिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता आरके गुरू के 31 मई को सेवानिवृत्त होने के बाद से कार्यपालन अभियंता का पद भरा नहीं किया। इससे एनएच कार्यालय डेढ़ माह से बिना कार्यपालन अभियंता के चल रहा है, जिससे विभाग के ठेकेदारों एवं कार्यालय के कर्मचारियों का भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी मुख्यालय को होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्यालय से आदेश नहीं होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

## दुर्घटनाओं को रोकने परिवहन विभाग ने 200 वाहनों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सड़कों पर दौड़ रहे वाहन कब और किस समय लोगों की जिंदगी के लिए काल बनकर सामने आ जाएं यह कहना बहुत मुश्किल है। इसलिए लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की टीम ने वाहनों पर शिकंजा कस दिया है। इसका उद्देश्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों ▶▶|शेष पेज 12 पर

## डेढ़ साल के भीतर भाजपा सरकार ने चौथी बार बढ़ाए बिजली के दाम

हरिभूमि न्यूक ▶▶| जगदलपुर

- सरकार के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी : मौर्य

राजीव भवन में गुरुवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं। अब कृषि पंप में बिजली की दर बढाकर किसानों की कमर तोड़ ▶▶|शेष पेज 12 पर





## खबर संक्षेप

### दो बाइक में हुई टक्कर तीन लोग हुए घायल



**केशकाल।** ग्राम बहीगांव व्यापारीपारा में गुरुवार की करीब 12 बजे दो बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक में सवार ग्राम पलोरा निवासी अरविन्द मरकाम पिता बालसिंह मरकाम निवास और महेश मरकाम पिता सुकलाल मरकाम निवासी देवतरा भर्रीपारा और दूसरे बाइक में सवार जितेंद्र मरकाम पिता मंगलू राम मरकाम घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेस से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया है। सभी का उपचार जारी है।

### बेलभाटा में पेड़ से टकराई बाइक, चालक घायल



**फरसगांव।** ब्लॉक के बड़ेडोंगर बेलभाटा में गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक युवक ग्राम मरकड़ा कोटपाड निवासी सुभाष चंद नाग पिता महेश नाग उम्र 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर जिसे बड़ेडोंगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल घायल को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवाया। घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेश से उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### आवंटित आवास राशि जमा कर सकेंगे 21 तक कर सकेंगे

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक एएचपी अंतर्गत मोर मकान मोर आस किरायानीति के तहत वीर सावरकर एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार में लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया गया था। उक्त आवास के लिए शत प्रतिशत हितग्राही अंशदान के न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाना था। जिन हितग्राहियों द्वारा आवंटन उपरांत कोई भी राशि जमा नहीं किया गया है। उन्हें 21 जुलाई तक राशि जमा करने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित आवास स्वतः ही बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाएगा।

### आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल ग्राम सिंगनपुर निवासी हेमबती बघेल की मृत्यु बिजली गिरने से पति मेघनाथ बघेल को, तहसील बकावण्ड ग्राम छोटेदेवड़ा निवासी थबीर गोयल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता जयमन गोयल को और तहसील भानपुरी ग्राम घेटिया निवासी लेड़गा बन्छोर की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती सामबती बन्छोर को प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### आपदा पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील डौण्डी जिला बालोद के ग्राम जमही निवासी 51 वर्षीय रामचंद कड़यिाम की डबरी, तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित बिसरो कौड़ो को चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### बाजार स्थल पर शराब पीना महंगा पड़ा, जुर्म दर्ज

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि लखनपुरी साप्ताहिक बाजार स्थल में कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर बैठ कर शराब पी रहे है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोण्डागांव को बड़ी सफलता, देश में मिला 75 वां रैंक

## कुल 12,500 अंकों में से कोण्डागांव ने 9,357 अंक अर्जित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कोण्डागांव को बड़ी सफलता मिली है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 17 जुलाई को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में कोण्डागांव ने 20,000 से 50,000 की जनसंख्या श्रेणी में 75वां रैंक हासिल किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कुल 12,500 अंकों में से, कोण्डागांव ने 9,357 अंक अर्जित किए। शहर को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए लगातार ओडीएफ़ का दर्जा बनाए रखना भी इस उपलब्धि का एक महत्वपूर्ण कारण है।

सीएमओ कोण्डागांव दिनेश डे ने बताया कि वर्ष 2022 में भी कोण्डागांव ने इंडियन स्वच्छता लीग में अपना स्थान बनाया था। निकाय अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए अपनी तैयारी और बेहतर ढंग से करने के लिए अग्रसर है। उन्होंने नागरिकों से भी पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।




### सबके सहयोग से मिली सफलताः सीएमओ

सीएमओ कोण्डागांव दिनेश डे ने इस उपलब्धि का श्रेय शहर के नागरिकों, स्वच्छता कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और सभी के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में कोण्डागांव ने पहली बार इतना अच्छा रैंक हासिल किया है, जो शहर के लिए गर्व की बात है।

## पहल : कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी कर रहे ई-ऑफिस का उपयोग

# जिला कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली की गई लागू, सभी कार्य हुए डिजिटल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाने के उद्देश्य से कोण्डागांव जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब जिला कार्यालय के सभी शासकीय कार्य ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे हैं।

कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारी कर रहे ई–ऑफिस का उपयोग कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी जिला कार्यालय विभागों को निर्देश दिए हैं कि फाइलें और नोटशीट केवल ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही प्रस्तुत की जाएं। इस नई व्यवस्था पर तुरंत अमल शुरू हो गया है। कलेक्टर के साथ–साथ जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई और अपर कलेक्टर भी अब फाइलों की प्रस्तुति और स्वीकृति ई–ऑफिस के जरिए ही कर रहे हैं। इस प्रणाली से शासकीय कार्यों की प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक तेज, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई है। ई–ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन में जिला सूचना अधिकारी हेमंत भगत और जिला लाइवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### डिजिटल गवर्नेंस से दक्षता और पारदर्शिता

राज्य सरकार डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए। छत्तीसगढ़ सरकार ने ई– गवर्नेंस को प्रभावी ढंग से लागू किया है। जिससे सरकारी सेवाएं अधिक सुगम और उत्तरदायी बन रही हैं।

### ई–ऑफिस प्रणाली के प्रमुख लाभ

रियल–टाइम ट्रैकिंग फाइलों की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। तेज अनुमोदन प्रक्रिया अनुमोदन में लगने वाला समय कम होगा, जिससे निर्णय लेने की गति बढ़ेगी। दस्तावेजों की सुरक्षा डिजिटल माध्यम से दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। डुप्लीकेशन पर रोक अनावश्यक दोहराव को रोका जा सकेगा। कागजी कार्रवाई में कमी कागज के उपयोग और परिवहन पर होने वाले व्यय में कमी आएगी। कार्यक्षमता में सुधार कार्यालयों की समग्र कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और समय की बचत होगी। यह पहल सरकारी कामकाज में आधुनिकता लाते हुए, नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# 116 बोलीदारों ने लगाई बोली, 17 कॉम्प्लेक्स बिके ढाई करोड़ में



**फरसगांव।** नगर पंचायत के अधीन नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स की नीलामी बुधवार को नगर के सामुदायिक भवन में दोपहर 1 बजे शुरू की गई, जो शाम 6 बजे पूरी की गई। इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कुल 116 बोलीदार अमानत राशि 50 हजार जमा कर भाग लिया। नगर पंचायत में पहली बारी भव्य रूप से नीलामी हुई जिसमें सैकड़ों की संख्या में बोलीदारों ने भाग लिया। यही नहीं नीलामी की प्रक्रिया देखने बड़ी संख्या में नगरवासी भी पहुंचे हुए थे। नगर पंचायत के कुल 19 कॉम्पलेक्स की नीलामी किया जाना था लेकिन पुराने पोस्ट ऑफिस के पास स्थित दो कॉम्पलेक्स के लिए आवेदन जमा नहीं होने पर नीलामी नहीं हो पाई। बाकी 17 कॉम्पलेक्स की नीलामी हुई। 116 बोलीदारो ने जमकर बोली लगाई जिसमें 17 कॉम्पलेक्स करीब ढाई करोड़ मे बिके। जिसमें बस स्टैंड में कुल 8 कॉम्पलेक्स बने है। जिसमें भूतल में 4 और ऊपर तक में 4 है। कुल 8 कॉम्पलेक्स 1 करोड़ 45 लाख सात हजार मे बिके । वहीं तहसील कार्यालय के सामने बने नवनिर्मित 7 कॉम्पलेक्स 89 लाख 45 हजार मे बिके। तहसील कार्यालय के सामने आने पुराने कॉम्पलेक्स 6 लाख 35 हजार मे बिके । इस तरह कुल 17 कॉम्पलेक्स करीब ढाई करोड़ मे बिके ।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, विजय लाडंगे, रीता गौतम, संगीता राव नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी , सब इंजीनियर गौरव साव सहित नगर पंचायत के कर्मचारी, फरसगांव भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, स्थानीय पत्रकार, व्यापारी बंधु और बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचीं कलेक्टर, गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव जिले में निर्माणाधीन नवोदय विद्यालय भवन सहित आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन नवोदय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया।

- नवोदय विद्यालय के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन के ले–आउट का अवलोकन किया और अध्ययन कक्ष, आवासीय परिसर एवं अन्य निर्माणाधीन संरचनाओं की जानकारी ली। साथ ही, निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला में सुधार के दिए निर्देश

इससे पूर्व, कलेक्टर ने बंधापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया। बच्चों से संवाद करते हुए, उन्होंने भवनों में सीपेज की समस्या को दूर करने और विद्युत व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यालय परिसर में पेड़–पौधे लगाने और साफ–सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी निर्देशित किया।

# एसपी ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को दिए सफलता के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान में बुधवार को एसपी वाय अक्षय कुमार ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद किया। प्रेरणा पथ नामक इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आने वाली समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई। संस्थान में अध्ययनरत सभी अभ्यर्थी इस दौरान उपस्थित रहे।

- प्रेरणा पथ नामक इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं से किया संवाद

पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से आरक्षक की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आगामी लिखित परीक्षा के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया। साथ ही, यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम, प्रयोगशाला परिचारक, एसएससी और रेलवे की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सफलता पाने के लिए अपने लक्ष्य पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित रखने का मंत्र दिया, जिससे उन्हें अपनी मंजिल अवश्य मिलेगी।

**लक्ष्य कोचिंग संस्थान, एक निःशुल्क पहल** – लक्ष्य कोचिंग संस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है। इसके अलावा, प्रत्येक शनिवार को निःशुल्क टेस्ट सीरीज का भी आयोजन जिला पंचायत के पीछे स्थित लक्ष्य कोचिंग संस्थान में किया जाता है।

# बच्चों को दी साइबर क्राइम, नशामुक्ति और यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



अनंतपुर थाना पुलिस द्वारा आज ग्राम एरला स्थित हायर सेकेण्ड्री स्कूल में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रा.पु.से. के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रूपेश कुमार रा.पु.से के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। पुलिस टीम द्वारा छात्र–छात्राओं को महिला अपराध, बाल अपराध व लैंगिक अपराधों से संबंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा एवं नए कानूनों की भी जानकारी साझा की गई। बच्चों को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर न करें, अनजान व्हाट्सऐप कॉल का जवाब न दें और फर्जी लॉटरी के झांसे में न आएं। किसी प्रकार की ठगी होने पर तत्काल 1930 टोल–फ्री नंबर पर कॉल करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग एवं लाभ के बारे में बताया गया। जिससे आम नागरिक सीधे पुलिस से जुड़कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील करते हुए नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वाहन चालकों को जरूरी दस्तावेज जैसे आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट एवं परमिट की अनिवार्यता के बारे में बताया गया। साथ ही तेज गति व नशे में वाहन न चलाने के लिए समझाइश दी गई।

- अनंतपुर पुलिस ने स्कूल में चलाया जनजागरुकता अभियान

## गंभीर बीमारियों में मिल रहा जीवनदान

# चिरायु योजना से लौट रही बच्चों की मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु जिले के जरुरतमंद और गरीब परिवारों के बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से बच्चों को जन्मजात एवं जटिल बीमारियों से निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है, जिससे कई बच्चों का जीवन सुरक्षित हुआ है और परिवारों में खुशहाली लौटी है।



स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, चिरायु योजना के अंतर्गत कोंडागांव के कुम्हारपारा के पांच माह के रोनित कोर्राम और तहसीलपारा की चार माह की बच्ची का कटे–फटे होंठ का सफल ऑपरेशन 15 जुलाई को रायपुर के मेडिसिन अस्पताल में किया गया। सफल सर्जरी के बाद अब दोनों बच्चे स्वस्थ हैं। और उनके परिजनों ने शासन द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया है। चिरायु योजना के तहत अब तक जिले में 51 बच्चों का हृदय रोग का ऑपरेशन हो चुका है। 23 बच्चों के टेढ़े–मेढ़े पैरों का इलाज हुआ है। 22 बच्चों के कटे–फटे होंठ का सफल उपचार किया गया है। 19 बच्चों की जलने के कारण त्वचा चिपकने की समस्या का भी सफल उपचार किया गया है।

**बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की पहल** – केंद्र और राज्य शासन बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। चिरायु योजना का उद्देश्य न केवल बीमार बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों से भी राहत प्रदान करना है, जिससे वे बिना किसी चिंता के अपने बच्चों का इलाज करा सकें।

## पेज 11 के शेष

### सरकारी क्वार्टर में...

लोगों को बुलाया गया। जहां दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर संदीप फंदे पर लटका हुआ था, जिसके गले की रस्सी को काटकर उसे मेकाज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। परपा टीआई मोहम्मद तारिक हरीश ने बताया कि शव को पीएम के बाद गृहग्राम जशपुर रवाना कर दिया गया है।

### डेढ़ माह से...

किसी को भी प्रभार नहीं दिया। इसके चलते डिवीजन में पदस्थ एसडीओ एवं इंजीनियर मुख्यालय के निर्देश पर कार्य कर रहे हैं।

**शासन से मिलेगी पदस्थापना-** राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के अधीक्षण अभियंता एसएस मांझी ने इस संबंध बताया कि जगदलपुर संभाग में कार्यपालन अभियंता नहीं होने से परेशानी हो रही है। इसमें पदस्थापना शासन की ओर से किया जाना है। शासन की ओर से पदस्थापना करने पर अधिकारी पदस्थ होंगे।

### दुर्घटनाओं को...

पर कार्रवाई करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। हाल ही में तीन दिन में 200 वाहनों, जिसमें बसों एवं ट्रकों पर कार्रवाई की और जुर्माना भी किया। इस दौरान वाहन चालकों को समझाइश भी दी कि वे स्पीड में वाहन नहीं चलाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, आरटीओ और यातायात पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से 14, 15 एवं 16 जुलाई को सड़क में चल रहे वाहनों की जांच की। इस दौरान स्पीड गवर्नर के 18, बहुरंगी लाइट, तेज रोशनी वाले 21, बिना सीट बेल्ट वाले 25, ब्लैक फिल्म के 9, ओवर स्पीड वाले 14, बिना बीमा वाले एक, बिना लायसेंस वाले दो, प्रेशर हार्न वाले 15 एवं अन्य उल्लंघन करने वाले 103 वाहन मिले। सभी वाहनों पर जुर्माना किया गया।

**परिवहन नियमों का उल्लंघन न करें-** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने जांच के दौरान वाहन चालकों से कहा कि वे परिवहन एवं यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रूप से वाहन चलाएं। उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाएगा और उनके वाहनों को जब्त भी किया जा सकता है।

### डेढ़ साल के...

रही है। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनाव चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, प्रेमशंकर शुक्ला, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, रविशंकर तिवारी, लखेश्वर कश्यप, बालेश दुबे, मनोज साहनी, पार्षद जस्टिन भवानी, उस्मान रजा, सलीम जाफर अली, शादाब अहमद आदि मौजूद रहे।

**डेढ़ साल में 13 प्रतिशत बढ़ोत्तरी-** मौर्य ने बताया पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया। बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। अस्पतालों,उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेशभर में बिजली की कटौती शुरू हो गई।

**महंगी दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा-** मौर्य ने कहा कि बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है। कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए। रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं। थर्मल पॉवरप्लांट को एक कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है। डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है। जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**सुकमा।** ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरएसईटीआई सुकमा द्वारा मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 16 जुलाई से 14 अगस्त तक संचालित होगा। जिसमें केवल पुरुषों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण भारतीय स्टेट बैंक एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण निःशुल्क है। जिसमें प्रतिभागियों के रहने व भोजन की व्यवस्था आरसेती द्वारा की जाएगी।

### गंजेनार में चलाया गया स्टॉप डायरिया कैंपिंग



**दंतेवाड़ा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विभाग द्वारा वर्षाजनित मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जिले के ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में ग्राम पंचायत गंजेनार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्टॉप डायरिया कैंपिंग के तहत पेयजल परीक्षण, पेयजल स्त्रोतों के समीप स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल के सेवन, पर आधारित रैली निकाली गई। उक्त रैली में महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा डायरिया, के बारे में लोगों को जागरूक किया गया और साथ में ही पानी का संरक्षण और पानी की परीक्षण के विषय में भी बताया गया।

### बाल विवाह मुक्त कार्यशाला आज

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त दंतेवाड़ा अभियान के संचालन हेतु शासन द्वारा घोषित नवनियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के प्रतिनिधियों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 18 जुलाई को किया जायेगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का हल्ला बोल

# बिजली दरों में वृद्धि और लकड़ी भुगतान में देरी पर सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निदेर्शानुसार आम जनता और किसानों के हक के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राज्यपाल के नाम अलग-अलग ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए किसानों की समस्याओं और आम जनता पर महंगाई के बढ़ते बोझ पर चिंता जताई है।

■ किसानों को हक नहीं मिला और महंगी बिजली से राहत नहीं दी गई तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा

कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चौथी बार बिजली दरें बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाल रही है। वर्तमान में पुनः घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10-20 पैसे, गैर-घरेलू के लिए 25 पैसे और किसानों के कृषि दर पर 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी की गई है।

सरकार बिजली आपूर्ति भी पूरी नहीं कर पा रही और अघोषित कटौती से जनता परेशान है। कांग्रेस ने इस फैसले को वापस लेने और दरें कम करने की मांग की है। किसानों द्वारा वैध रूप से काटे गए पेड़ों के परिवहन और भुगतान में जानबूझकर देरी की जा रही है। वन विभाग के नियमों के तहत 30 दिन में भुगतान होना चाहिए, लेकिन दंतेवाड़ा वनमंडल में 10 से 12 माह तक किसानों का पैसा अटका पड़ा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है। कई किसानों के कटे पेड़ वर्षा ऋतु के कारण खराब हो रहे हैं। साथ ही, वन विभाग कम मूल्य तय कर किसानों को उनका उचित हक भी नहीं दे रहा। कांग्रेस ने मांग की है कि तत्काल परिवहन और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर किसानों को उनका हक नहीं मिला और महंगी बिजली से राहत नहीं दी गई तो जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विमल सुराना, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम के अध्यक्ष अनिल कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रविश सुराना, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जवाहर सुराना, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आसिफ रजा, पार्षद सोहन यादव, शैलेन्द्र कौमार्य, दिनेश गुप्ता, नाहरू कोवासी, रजत दहिया, सुरेश लेकामी, मनीराम हपका, मड्डा राम वेक, रोबर्ट साइमन, देवेंद्र राठौर, लखमू नेताम, अरुण मंसूरे, चंदा नाग, भगत नाग, बीजू पीटर, जीतेन्द्र मंडावी, प्रदीप बघमरिया, विकास देवांगन समेत दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर कर समर्थन दिया है।

## परिवहन विभाग की कार्यवाही, 57 लोगों से वसूले 28 हजार



**सुकमा।** बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में बुधवार को परिवहन विभाग के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट कार्यालय के समीप वाहनों में सीट बेल्ट नहीं लगाने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 40 लोगों, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले 7 एवं अन्य 10 लोगों के ऊपर नियमानुसार लगभग 28,500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे ने बताया कि बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए वाहन चालकों से नियमानुसार हेलमेट लगाकर और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की की अपील की गई है। सड़क में चलते हुए फोन पर बात करना, शराब पीकर वाहन चलाना, तेज आवाज वाली हॉर्न बजाना और गलत साइड में गाड़ी चलाना वर्जित है। 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिग बच्चे और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। नियमों को तोड़ने वाले लोगों के ऊपर लगातार कार्यवाही की जाएगी। वाहन चलाते हुए सड़क पर आवश्यक सावधानी रखना बहुत जरूरी है।

## बस्तर विधायक को मिला उत्कृष्ट विधायक सम्मान



**भोण्ड।** बस्तर विधानसभा क्षेत्र से विधायक लखेश्वर बघेल को संसदीय दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन के लिए वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विधायक के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर पर उन्हें आज विधानसभा परिसर रायपुर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रेक्षागृह में आयोजित उत्कृष्टता अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधायक को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह आयोजन सायं 6 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें विधानसभा के अनेक सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। राज्यपाल ने संबोधन में विधायक लखेश्वर बघेल की प्रतिबद्धता, जनसेवा और सक्रिय विधायी भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं जो जनता के हितों को सर्वोपरि मानते हैं। विधायक ने सम्मान प्राप्त करने के उपरांत अपने उद्बोधन में कहा, यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि बस्तर की जनता के आशीर्वाद और सहयोग का प्रतीक है मैं अपने कर्तव्यों के प्रति पहले से भी अधिक प्रतिबद्ध रहूंगा। इस गरिमामय समारोह ने न केवल जनप्रतिनिधियों की कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता दी, बल्कि प्रदेश में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव को भी दर्शाया।

## लखपति दीदी नायिकाओं की कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का सांसद ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

संयुक्त जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में लखपति दीदी नायिकाओं की कहानियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का सांसद महेश कश्यप ने विमोचन किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे मौजूद थे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के नेतृत्व में जिले में उत्कृष्ट कार्य कर रहे दीदियों की सफलता की कहानी को एक जगह संग्रहित कर कॉफी टेबल पुस्तक का निर्माण किया गया है। इसके अन्तर्गत बिहान योजना के तहत बनाए गए इस लखपति दीदी दंतेवाड़ा की नायिकाएं कॉफी टेबल बुक में जिले की 60 से अधिक दीदियों की सफलता की कहानी को संजोया गया है। जिसमें मिशन के मार्गदर्शन से दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आजीविका गतिविधियों को अपना कर उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि कर अपने आय को बढ़ावा देने के प्रयासों को रेखांकित किया गया हैं।

## माईजी की नगरी में मनाई जाएगी तुलसी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



महान ग्रंथ श्रीरामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती इस वर्ष 31 जुलाई को मनाई जाएगी। इस मौके पर दंडकारण्य यानी बस्तर में आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा के मेंडका डोबरा मंच पर राज्य स्तरीय तुलसी जयंती महोत्सव का आयोजन होगा। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ द्वारा यह महोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है।

■ श्रीतुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष ने दंतेवाड़ा में ली बैठक

भव्यता, दिव्यता और उल्लास के वातावरण में यह आयोजन होगा। इसकी व्यापक तैयारी के लिए प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख व उनकी टीम ने गायत्री मन्दिर में जिला इकाई की बैठक ली। प्रदेश कोषाध्यक्ष छगन हृदय राम सोरी, गुप्तेश्वर बघेल, राजेश नेताम, मोतीलाल राठौर, आयोजन समिति के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष खिम्मन सिन्हा, उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, सचिव परीक्षित मंडावी, नीलम ठाकुर, नरेंद्र कुमार साहू, शैलेंद्र ठाकुर, संरक्षक संतोष चौहान, विजेंद्र नाथ जिया सहित मानसप्रेमी सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। आयोजन को भव्य बनाने प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख, जिलाध्यक्ष खिम्मन सिन्हा, गिरधर गोस्वामी ने अपने विचार रखे।

### व्यवस्थित होगा आयोजन

आयोजन को सुचारू व समयबद्ध तरीके से संपादित करने, शोभायात्रा से लेकर मंच व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक, बैठक , भोजन, पेयजल, आवास, स्वागत मानस मंडलियों, मंच संचालन, कार्यक्रम में अतिथियों के चयन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

### विधायक ने जताई प्रसन्नता

प्रतिष्ठान के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजन समिति के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर कार्यक्रम आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। विधायक अटामी ने श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के इस सांस्कृतिक जागरण के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस आयोजन में वे तन मन और धन से सहयोग करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने प्रतिष्ठान के कार्यों और उद्देश्यों को रेखांकित किया।

## माओवादी प्रभाव से निकलकर विकास की राह पर अग्रसर पुवर्ती गांव

**सुकमा।** नक्सलवाद से प्रभावित बस्तर अंचल का एक नाम जो आज उम्मीद और बदलाव की मिसाल बनकर उभरा है, वह है माडवी अर्जुन। सुकमा जिले के अति-दुर्गम और माओवादी हिंसा से वर्षों त्रस्त रहे पूवर्ती गांव के इस बालक ने जवाहर नवोदय विद्यालय, पेंटा दोरनापाल में छठवीं कक्षा में चयन पाकर इतिहास रच दिया है। माडवी अर्जुन जिस पूवर्ती गांव का रहने वाला है, दरअसल वह नक्सलियों के कमांडर हिड़मा का पैतृक गांव है। एक दौर था, जब पूवर्ती नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। यहाँ माओवादी जन अदालत लगाकर आतंक और ग्रामीणों के भाग्य का फैसला सुनाते थे। अब वही पूवर्ती गांव, शिक्षा और विकास के नए सूरज की किरणें देख रहा है। अर्जुन की इस उपलब्धि ने यह दिखा दिया है कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों, अगर अवसर और मार्गदर्शन मिले तो सफलता जरूर मिलती है। अर्जुन वर्तमान में बालक आश्रम सिलगेर में पढ़ाई कर रहा था। उसके घर में न बिजली है, न पक्की छत। उसके माता-पिता खेती और मजदूरी कर किसी तरह अपना घर चलाते हैं। फिर भी, अर्जुन ने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण से यह उपलब्धि अर्जित की। पूवर्ती जैसे क्षेत्र जहां पहले सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थीं, अब वहां सड़क निर्माण, सुरक्षा बलों के कैंप, गुरुकुल विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं और उचित मूल्य दुकानें शुरू हो चुकी हैं। पूवर्ती में अब बच्चों की पढ़ाई के लिए सुरक्षा बलों की देखरेख में चल रहे गुरुकुल ने एक प्रेरणादायी माहौल देना शुरू किया है। अर्जुन की सफलता इसी सतत प्रयास की पहली बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर देवेश ध्रुव ने कहा कि पूवर्ती जैसे दुर्गम और घोर माओवाद प्रभावित गांव के बच्चे का नवोदय विद्यालय में चयन, न केवल अर्जुन की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह जिले की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। हम हर बच्चे को आगे बढ़ने का मौका देते हैं।



## कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल के खुलते ही कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में प्रशासनिक कसावट लाने लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में बुधवार को कलेक्टर ने सुकमा विकासखंड में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान वे प्राथमिक शाला नींबूपदर, आंगनबाड़ी केंद्र उदलातराई, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उदलातराई, आंगनबाड़ी केंद्र राजामुण्डा, बालक आश्रम राजामुंडा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजामुंडा, शासकीय प्राथमिक शाला मुरेर्पाल, आंगनबाड़ी केंद्र मुरेर्पाल, प्राथमिक शाला कोडरीकोसम, प्राथमिक शाला दारीपारा, आंगनबाड़ी केंद्र छोटापारा और आंगनबाड़ी केंद्र पाकेला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनके पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूछे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए मूलभूत व्यवस्था दुरुस्त करने बैठने के लिए दरी, अच्छा वालपेंटिंग करने, गर्भवती माताओं को पूरक पोषण आहार और नियमित टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उन्हें रेफरल सेंटर भेजने और खेल खेल में पढ़ाई करने के निर्देश दिए। बच्चों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई।

स्कूलों और आश्रम शालाओं में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शाला त्यागी बच्चों के घर घर जाकर उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करने और बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बच्चों को घर में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने और पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई। शौचालय में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

## नियमित रूप से विद्यालयों का अवलोकन करने निर्देश



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के अधिकारियों और संकुल समन्वयकों ने संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडेय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शिक्षकीय नवाचार, शाला संचालन की गुणवत्ता, निरीक्षण व्यवस्था और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। पांडेय ने अधिकारियों और संकुल समन्वयकों को नियमित रूप से विद्यालयों का अवलोकन करने और शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारियों और शिक्षकों को अपने आचरण में सालिनता और समर्पण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने ने सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक मजबूत टीम ही मजबूत शिक्षा व्यवस्था की नींव होती है। इस मुलाकात में बस्तर विकासखंड के बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील तिवारी, बीआरसी अजम्बर कोर्राम और ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## बालक आश्रम हितामेटा बना भ्रष्टाचार का अड्डाः तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आदिवासी बच्चों के नाम से आने वाले फंड का दुरूपयोग अगर आपको देखना है तो एक बार बारसूर के हितामेटा स्थित बालक आश्रम देख लिजिए। इस आश्रम में बच्चों के लिए ना तो ठीक से सोने के लिए बिस्तर है और न ही शौच के लिए बाथरूम। वहीं अगर कागजों में देखगें तो आपको पूरी व्यवस्था एकदम ठीक-ठाक दिखेगी।

दरअसल कुछ दिन पहले जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने हितामेटा बालक आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में व्याप्त समस्याओं को देख तुलिका कर्मा ने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। जानकारी देते हुए तुलिका कर्मा ने बताया कि बालक आश्रम हितामेटा में बच्चों के सोने के लिए बिस्तर पूरी तरह टूटा-फुटा है। शौच के लिए बाथरूम नहीं है वहीं मच्छर दानी तक अधीक्षक के तरफ से उपलब्ध नहीं कराया गया है। बच्चों ने तुलिका को बताया कि मीनू अनुसार भोजन भी नहीं मिलता, हर दिन सिर्फ दाल-चांवल खिलाया जाता है। तुलिका ने कहा कि कागजों में आश्रम पूरी तरफ सही पर धरातल पर इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। कुछ दिनों पहले योगा मेट की खरीदी की गई थी। लगभग 300 नग योगा मेट की खरीदी कागजों में दर्ज है पर आश्रम में सिर्फ 3 योगा मेट मिले वो भी काफी पुराने हो चुके हैं। विभाग से बजट दिया जा रहा है पर अधीक्षक द्वारा उसे बच्चों के लिए नहीं बल्कि अपने लिए खर्च किया जा रहा है।

■ आश्रम में ना तो बिस्तर और ना ही शौच के लिए बाथरूम

तुलिका ने बताया कि यही है भाजपा सरकार में विष्णु देव का सुशासन, जहां बच्चों को आश्रम में पेट भर खाना तक नसीब नहीं हो पा रहा है। रजिस्टर में दर्ज है कि बच्चों के लिए जूते आए हैं पर उन्हें दिया नहीं गया है। बताया जाता है कि आदिवासी बच्चों का हक मार अधीक्षक ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है, जिसकी भी जांच होना आवश्यक है। अधीक्षकों को 24 घंटे आश्रम में रहने का नियम है। हितामेटा के अधीक्षक कभी कभार ही आश्रम पहुंचते हैं फिर घर निकल जाते हैं। आश्रम में हर तरफ सिर्फ अव्यवस्था का ही आलम है। बच्चे अपने घर से लाए हुए चादर-कंबल ओढक़र सोते हैं। बारिश के मौसम में शौचालय नहीं होने के कारण बाहर जाते हैं। वहीं मच्छरों से बचने आश्रम में मच्छरदानी तक नहीं है। इस मामले को लेकर तुलिका ने कहा कि जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात कर अधीक्षक को हटाने व आश्रम की व्यवस्था सुधारने पहल की जाएगी।

## योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ धरातल पर पहुंचाना बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




बीजापुर जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करने, गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक बस्तर पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो जाएगा।

केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन की अनेको महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित है। अतः केन्द्र और राज्य शाासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर शतप्रतिशत क्रियान्वयन जरूरी है। बीजापुर जिला में विपरीत परिस्थिति और कठिन चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य कर रही है। हमारे जांबाज जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था को अपने हाथों में लिए हैं, जिससे जिला प्रशासन अब पूरी मुस्तैदी के साथ योजनाओं को पहुंचा रही है। हमें और भी बेहतर समन्वय के साथ पूरे समर्पण के भाव से योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि आदिवासी बाहुल्य बीजापुर जिला में निरंतर विकास की गति बढ़ते रहे। कभी माओवादी के आतंक के रूप में जानने वाला जिला अब शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सड़क, बिजली, पानी, कनेक्टिविटी सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए मशहूर हो रहा है। बस्तर क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिससे विश्व पटल पर अब पर्यटन के लिए उभरते नजर आ रहा है। माओवाद के समूल खात्मे के बाद विकास की गति और तेज होगी। जिससे शासन-प्रशासन को और कड़ी मेहनत लगन और समर्पण के साथ पूरी ऊर्जा के साथ विकास के कार्यो में अपनी सहभागिता देनी होगी। बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के समग्र विकास हेतु संचालित योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन तथा योजनाओं के क्रियान्वयन मे आने वाली चुनौतियों को भी बताया। जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के योजनाओं की प्रगति संबंधी जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किए।

जिसमें प्रधानमंत्री आवास, नरेगा, राष्ट्रीय आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री सड़क योजना, राष्ट्रीय समाजिक, सहायता कार्यक्रम, जल जीवन मिशन, क्रेडा, प्रधानमंत्री कृषि, सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय भूअभिलेख आधुनिकीकरण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, एकीकृत बाल विकास योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आधारभूत संरचना, प्रधानमंत्री आवास शहरी एवं ग्रामीण सहित विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा हुई।

## प्रशिक्षणार्थियों को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने दिया मार्गदर्शन



**सुकमा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुकमा में प्रथम पूर्व प्रशिक्षणार्थी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां शारदे की पूजन-वंदन कर किया गया। जिसमें सभी व्यवसाय के पूर्व प्रशिक्षणार्थीगण एवं प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। जिसमें नायनी जंगय्या सामाजिक कार्यकर्ता वनवासी कल्याण आश्रम मुख्य अतिथि मोहन ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, सोलोमन गाड़ा नीलकण्ठ बघेल, ईश्वर कश्यप, इंदर कश्यप उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा आईटीआई की महत्ताबताते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान की गयी। संस्था के प्राचार्य नीलेश कुमार नेताम तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा पूर्व प्रशिक्षणार्थी मिलन सामारोह के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

**न्यायालय तहसीलदार कोहकामेटा, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा – पत्र**

एतद द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि जिला कार्यालय नारायणपुर के आवेदन, आवक क्रमांक 1133 दिनांक 16.06.2025 को आवेदिका बिसानी दोदी पति स्व. अनेश कुमार दोदी निवासी मुरनार तहसील कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.) के पति स्व. अनेश कुमार दोदी प्रधानध्यापक के पद पर प्राथमिक शाला कस्तुतरमेटा, विकासखण्ड ओरछा के अंतर्गत पदस्थ थे जिनकी मृत्यु दिनांक 30.01.2025 को सेवाकाल के दौरान हो गई है। अतः आवेदिका को स्वत्वों एवं अनुकंमा नियुक्ति को प्राप्त करने हेतु वारिसान प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 23/07/2025 को या इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जा रहा है।

मुहर

तहसीलदार
कोहकामेटा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202507161800010/अ-2/2024-25

ग्राम - जावंगा, प.ह.नं. - 18, तहसील - गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री हेमंत कुमार उइके पिता स्व. शेर सिंह उइके निवासी शांतिनगर (जगदलपुर), तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) मोबाईल नं. 9243817001 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- जावंगा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. गीदम तहसील - गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 236/29 रकबा 0.0520 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 31/07/2025 तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है ।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/07/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गीदम

## खबर संक्षेप

### हर जरूरतमंद को पक्का मकान दिलाने का लक्ष्य



**जगदलपुर।** बस्तर जिला अंतर्गत लोहंडीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गढ़िया में सरपंच भरत कश्यप एवं पंचों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास का वेरिफिकेशन और अपूर्ण आवास को ग्रामवासियों से जल्द पूर्ण कराए जाने को लेकर ग्रामसभा का आयोजन संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण लक्ष्य प्रधानमंत्री आवास हर जरूरत मंद ग्रामीण का अपना पक्का मकान हो को लेकर गंभीर चर्चा किया गया एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ताकि योजना को बेहतर से बेहतर ढंग से अमलीजामा पहनाया जा सके। इस दौरान गढ़िया उपसरपंच संतू कश्यप,पीलूराम, निरंजन बघेल,बोंजा राम मौर्य, तुलसी मण्डावी,सुदरू सेठिया,सचिव डमरू नेताम,सामबती कश्यप, कपीलदेव,अर्जून यादव,चेतन ग्वाल,सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।

### व्यापम परीक्षा के नियम में मूलभूत परिवर्तन

**जगदलपुर।** व्यापम परीक्षा में हाइटेक नकल प्रकरण के पश्चात नियम में प्यापक परिवर्तन किया गया है। जिससे नकल के किसी भी संभावना को शून्य किया जा सके। व्यापम ने नीट परीक्षा के अधिकांश नियम का आत्मसात किया है। इसके अन्तर्गत परीक्षार्थी को अब परीक्षा समय से दो घंटा पूर्व निर्धारित केंद्र पर पहुंचना आवश्यक है। परीक्षा समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में प्रवेश बंद हो जाएगा। सभी परीक्षार्थी का केंद्र पर फिस्क्रिंग एवं सत्यापन उपरांत ही केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षाथी के लिए हल्के रंग का आधी बांह वाला कपड़ा तथा सामान्य चप्पल पहनना आवश्यक है। अन्यथा परीक्षा में प्रवेश नही दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कान में किसी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षार्थीयों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश पत्र पर अंकित सभी नियमों का अध्ययन कर लेवे और मूल आईडी के साथ ही केंद्र में उपस्थित होंवे अन्यथा केंद्र से वापस जाना पड़ सकता है। जगदलपुर समन्यवक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि अब व्यापम की परीक्षा में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। नीट परीक्षा के पैटर्न पर परीक्षार्थीयों की जांच होगी तथा केंद्र के बाहर भी संदिग्धों की जांच किया जाएगा। समन्यवक ने सभी केंद्राध्यक्षों को कड़ाई से नियम के पालन के लिए निर्देशित किए है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में पंद्रहवा एवं प्रदेश में दूसरा स्थान आने पर महापौर ने किया जनता को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केंद्र सरकार द्वारा कराए गए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में जगदलपुर शहर ने बड़ी छलांग लगाते हुए शीर्ष 100 शहरों में 107 वें स्थान से 15वां स्थान प्राप्त करके अपनी एक विशेष छाप छोड़ी है। स्वच्छता सर्वेक्षण में जगदलपुर को छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जगदलपुर नगर ने कुल 12500 में से 10446 अंक अर्जित किये जिसमें स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में 10000 में से 8841, गार्बेज फ्री सिटी में 1300 में से 800 और खुले में शौच मुक्त में 1200 में 1000 अंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि का श्रेय महापौर संजय पाण्डेय ने शहर के जागरूक एवं सजग जनता को दिया है और इस उपलब्धि में उनकी सक्रीय सहभागिता व नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए उनकी अपील का समर्थन किया है। उसके लिए उन्होंने नगरवासियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। महापौर ने कहा कि जगदलपुर की जनता का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और इस ऐतिहासिक व गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ। महज साढ़े 4 महीने के अल्प समय में स्वच्छता सर्वेक्षण में 107वें स्थान से 15 वें स्थान पर छलांग लगाकर हमारे जगदलपुर नगर ने यह साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान एवं विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने में सभी नगरवासी उनके साथ हैं।

## महापौर के प्रयासों से स्वच्छता सर्वेक्षण में जगदलपुर ने लगाई लंबी छलांग

### माना आभार

महापौर ने इस उपलब्धि के लिए सीएम विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव एवं प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, मंत्री केदार कश्यप,सांसद महेश कश्यप का भी इस उपलब्धि में सक्रीय व विशेष योगदान रहा है। आप दोनों के मार्गदर्शन और जगदलपुर की जनता के प्रति उनकी सेवा भावना से हमारा जगदलपुर आज विकास व अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपब्धि अर्जित कर रहा है। नगर को स्वच्छ,स्वस्थ,सुन्दर और विकासशील से विक्सित बनाने की दिशा में हमेशा ही जनता का सहयोग प्राप्त होना ही जगदलपुर की समृद्धि और इस उपलब्धि का आधार है।



### जगदलपुर को आदर्श नगर में करेंगे विकसित

महापौर ने कहा कि जगदलपुर नगर की जनता भी बहुत ही जागरूक और सजग है। हमें विश्वास है कि हमारे हर प्रयासों में उनकी सक्रीय सहभागिता और सहयोग हमें मिलेगा महापौर ने कहा इसी सहयोग से हम अपने लक्ष्यों को पूरा करेंगे और जगदलपुर नगर को स्वच्छ,स्वस्थ और एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करेंगे। मैं पुन: एक बार जगदलपुर नगर की हमारी प्रबुद्ध, सजग और जागरूक जनता, नगर निगम के हमारे सम्मानित पार्षदगण,अधिकारी,कर्मचारी स्वच्छता मित्र,स्वच्छता दीदीयों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ और इस उपलब्धि के लिए उनका अभिनंदन करता हूं।

## कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ली जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक

# शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सहित बच्चों की पढ़ाई पर करें फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सहित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। वहीं मध्यान्ह भोजन के सुचारू

- **युक्तियुक्तकरण के पश्चात शिक्षकों के अभ्यावेदनों का निराकरण करेगी संभाग स्तरीय समिति**
- **लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु संवेदनशीलता के साथ पहल करने के निर्देश**

संचालन सहित जनसहयोग से न्यौता भोज का आयोजन करें। कमिश्नर बुधवार को आयुक्त कार्यालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से सातों जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों की समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्णयानुसार युक्तियुक्तकरण के पश्चात शिक्षकों के अभ्यावेदनों का निराकरण संभाग स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्राप्त



आवेदनों का तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने कहा। साथ ही जिला स्तरीय समिति द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत किए गए पदस्थापना के विरुद्ध शिक्षक-शिक्षिकाओं से संभागीय संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा को 21 जुलाई 2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने बैठक के दौरान स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदाय, गणवेश वितरण सहित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम संचालन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत तथा स्कूल स्तर पर शाला प्रबंधन समिति की बैठक आहूत कर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए पंचायत पदाधिकारियों, पालकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में चर्चा करने सहित आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों एवं गांव के प्रमुख लोगों व मैदानी अमले के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा और न्यौता भोज हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों, डीएमसी, बीईओ, बीआरसी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी सहभागिता पर जोर दिया। वहीं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को भी न्यौता भोज के लिए आवश्यक सहयोग देने प्रोत्साहित किए जाने कहा।

कमिश्नर ने इस शैक्षणिक सत्र में स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए समन्वित पहल किए जाने सहित इसमें अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण हेतु संवेदनशीलता के साथ पहल करने पर बल देते हुए कहा कि हरेक अधिकारी-कर्मचारी को भविष्य में सेवानिवृत्त होना ही है इसलिए अपने कार्यालयीन परिवार के इन सेवानिवृत्त सदस्यों के प्रकरणों को निराकृत करने सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पेंशन प्रकरणों के निराकरण स्थिति की नियमित समीक्षा करने सहित आपत्तियों के त्वरित समाधान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक एवं गीता रायस्त, सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा राकेश पाण्डे एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बीआर बघेल उपस्थित थे। वहीं संभाग के जिलों से जिला शिक्षा अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

### स्वीकृत कार्यों को जल्द पूरा करवाएं

कमिश्नर ने कहा कि शैक्षणिक सत्र को मद्देनजर रखते हुए स्कूल जतन योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाएं। यह निर्माण एजेंसी के लिए केवल एक कार्य है लेकिन यह शिक्षा सुविधाओं की उपलब्धता हेतु भविष्य के लिए आधारभूत संरचना है। इसे ध्यान देकर संबंधित निर्माण एजेंसी से समन्वय स्थापित कर कार्यों को बेहतर ढंग से पूर्ण करवाने पहल करें। बैठक में सरस्वती सायकल योजनांतर्गत लक्षित स्कूली छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण, स्कूल भवनों का विद्युतीकरण एवं विद्युत कनेक्शन प्रदाय, आवासीय विद्यालयों में बिजली-पेयजल सुविधाओं की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई।

# साफ-सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमराई : चौधरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में बुधवार को प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजेश चौधरी कहा लगातार शहर की स्ट्रीट लाइट हर वार्ड में बंद होने के कारण पूर्व ज्ञापन दिए जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने और महापौर के गोल-गोल जवाब दिए,साफ सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। किसी कार्य में कोई अंकुश नहीं इंदौर जाकर साफ

- **कांग्रेस आज करेगी निगम कार्यालय का घेराव**

सफाई के बारे में जानकारी लेने की बात मात्र करते हैं। परंतु जो कार्य वहां चल रहे हैं,उसके बारे में अब तक ना शहर वासियों से न ही विपक्ष से और ना शहर की जनता से किसी प्रकार का कोई चर्चा किया,शहर की भूमि स्वामी को नल बिजली लगाने के लिए पूर्व में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाता था जिसे महापौर जी के कहने पर अब बंद कर दिया गया।

चौधरी ने कहा आवारा पशु एवं आवारा स्वान पकड़ने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर को स्वच्छ बनाने एवं अतिक्रमण के नाम पर गरीब दुकानदारों का दुकान तोड़ा जा रहा है जो की न्याय संगत नहीं है,उन व्यापारियों को व्यवस्थित करके उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानी चाहिए जबकि ऐसा नहीं हो बल्कि बदले की भावना से कार्य किया जा रहा है। वही शहर को इंदौर जैसा स्वच्छ,सुन्दर बनाने महापौर सिर्फ इंदौर घूमने गए थे। एक भी कार्य धरातल पर मौजूद नहीं है,महापौर ने इंदौर से आने पश्चात आज पर्यंत नहीं ली कर्मचारियों की बैठक और न ही विपक्ष से कोई भी वातालाप साझा किया। इन सभी मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समस्त पार्षददल के साथ आगामी 18 जुलाई को निगम कार्यकाल का घेराव करेगी। इस दौरान जाहिद हुसैन, कोमल सेना, लता निषाद, सुशील बघेल, गौतम पाणिग्राही, अफरोज बेगम, शुभम यदु, लोकेश चौधरी, ललिता राव, शहनाज बेगम, पपिया गाईन, अंजना नाग आभास महंती, शादाब अहमद मौजूद रहे।

# वन विभाग ने 20 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग सर्चिंग कर रहा है। वन विभाग ने अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग द्वारा की जा रही इस कार्रवाई में, वन भूमि से अतिक्रमण को हटाने के लिए सीमांकन भी किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी जा रही है और अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। इसके तहत सूचना पर सीसीएफ आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता एवं एसडीओ देवलाल दुग्गा के निर्देश से वन परिक्षेत्र जगदलपुर अंतर्गत रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में टीम गुरूवार को चेचालगुर पीएफ क्रमांक 1085 में पहुंचे। वहां 20 हेक्टेयर में वन भूमि का अतिक्रमण मिला, जिसे अतिक्रमणकारियों से हटाया। इस कार्रवाई में पुलिस बल, जगदलपुर रेंज, उड़नदस्ता टीम, माचकोट के स्टॉफ एवं पोदियापाल समिति के सदस्य शामिल रहे। बताया जा रहा है कि वन भूमि पर अतिक्रमण एक दंडनीय अपराध है, जिसके तहत जुर्माना और कारावास की सजा हो सकती है। अतिक्रमण से न केवल वन क्षेत्र को नुकसान होता है, बल्कि वन्यजीवों के आवास भी नष्ट होते हैं और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है।

# उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज पर लगी रोक हटाने विहीप-बजरंग दल ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजस्थान के उदयपुर में वर्ष 2022 में घटित कन्हैयालाल की निर्मम हत्या पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज़ पर न्यायालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, जिला बस्तर के पदाधिकारियों एवं

- **मांग को लेकर हिन्दू संगठनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के सीजीआई का कराया ध्यानाकर्षण**

कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश के नाम मांगपत्र सौंपा।

बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना कोरी ने कहा इस फिल्म पर लगी रोक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरुद्ध बताते हुए इसे आतंक के विरुद्ध उठी एक सशक्त आवाज़ को दबाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है,



जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था, और जनता का यह अधिकार है कि वह इस सत्य को देख और समझ सके। विहिप विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल ने बताया फिल्म पर लगा प्रतिबंध लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। यदि किसी पक्ष को फिल्म की किसी विषयवस्तु पर आपत्ति है, तो उसके समाधान के लिए सेंसर बोर्ड एवं कानूनी प्रक्रिया जैसे वैधानिक मार्ग मौजूद हैं, न कि सीधा पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना। संगठन ने यह भी मांग की कि फिल्म निर्माताओं को आवश्यक सुरक्षा एवं न्याय प्रदान किया जाए, ताकि वे निडर होकर सच्चाई को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने इसे करोड़ों सनातनियों की आस्था और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा विषय बताया और मांग की कि राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज़ को तत्काल सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान जिला गौ संवर्धन प्रमुख विष्णु ठाकुर, नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, नगर अर्चक पुरोहित संजय मुखर्जी, हेमराज कश्यप, पवन राजा, रोहित झा, चकरी राव, लोचन सोनी, मनीष भाटी, मुकेश पानीग्राही, जशवंत जोशी, काशी चालकी, योगेश ठाकुर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# तीर के हमले से वन्य जीव हिरण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के पेदावाड़ा पास सड़क में गुरूवार को घायल हालत में हिरण मिला। इसकी सूचना पर उद्यान के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर हिरण को उपचार कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौत हो गई। उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी ने बताया कि घायल हिरण में तीर घुसा मिला, जिससे बताया जा रहा है कि शिकारी ने जंगल में उस हिरण को तीर मारा तो हिरण भाग कर सड़क में पहुंचा। इस पर उद्यान के प्रभारी निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि इस मामले प्रकरण दर्ज कर मृत हिरण का पीएम करवाया और शुक्रवार को मृत हिरण का अंतिम संस्कार किया जाएगा। साथ ही हिरण को तीर मारने वाले की सूचना देने वाले को 10 हजार रूपए इनाम की घोषणा की गई है।

### एक दिवसीय विशेष अभियान कल

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए 19 जुलाई को सभी ब्लॉकों में विशेष अभियान का आयोजन किया गया है। जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों का शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन अब तक मात्र 34.7 प्रतिशत हुआ है। शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जाना है। अतएव समस्त छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय से समस्त विकासखण्डों में 19 जुलाई को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु छूटे हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने उक्त अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु सभी सीईओ जनपद पंचायत तथा बीएमओ को निर्देशित किया है।

# शहर को साफ सुथरा रखने महापौर ने मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वच्छता जागरूकता अभियान के चौथे दिन शहर के मिताली चौक से डोर टू डोर संपर्क अभियान चालू किया गया। महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,

- **शहर को स्वच्छ रखने अभियान में जुड़ने की अपील**

आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, जनप्रतिनिधि, पार्षद, ब्रांड एंबेसडर, वार्डवासी, नागरिकगण, भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लोगों को पाम्पलेट देकर शहर को साफ सुथरा बनाने की अपील की। सभी व्यापारी बंधुओ से निवेदन किया गया कि वह गिला व सूखा कचरा अलग-अलग रखें और कचरा गाड़ी आने पर उसमें ही कचरा डालें।

मालूम हो कि नगर निगम द्वारा



शहर में स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के माध्यम से सभी व्यापारियों से डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। महापौर के साथ इस स्वच्छता अभियान में शामिल सभी लोग व्यापारियों से हाथ जोड़कर निवेदन कर रहे हैं कि शहर को स्वच्छ रखना है तो सभी को एकजुट होकर इस अभियान में कूदना होगा। बार-बार समझाईश दी जा रही है कि गीला व सूखा कचरा अलग अलग रखें। महापौर, आयुक्त सहित सभी लोग पाम्पलेट बाटकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कुछ दुकानों में तो स्वयं संजय पाण्डे गीला व सूखा कचरा अलग करते नजर आए। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्राही, योगेंद्र पांडे, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद हरीश पारेख, रोशन सिसोदिया, उमा मिश्रा, स्वच्छता एम्बेसडर रामनरेश पांडे, विधु शेखर झा, राजीव निगम, नलिन शुक्ला, दिगंबर राव, अविनाश श्रीवास्तव, रितेश सोनी,गीता नाग,बीबी चंदा बानो, नवीन बोथरा, सूरज श्रीवास्तव, शुभ शुक्ला, अनिमेष चौहान, विवेक जैन, नवीन बोथरा, मनोज ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, रंजीता पानीग्राही, हेमंत श्रीवास, दामोदर कुमार, योगेश पांडे, रुपेश बीजोरा उपस्थित रहे।

आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा यदि ऑटो आपके घर तक नहीं पहुँच रहा है तो इसकी जानकारी तुरंत अपने वार्ड पार्षद को देवें साथ ही अपनी शिकायत टोल फ्री नंबर 1100 पर दर्ज करावें।

# संपत्तिकर के विरोध में उतरे करन्दोला के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी

बस्तर विकास खण्ड के करन्दोला (भानपुरी) पंचायत लोग गुरुवार को सम्पत्ति कर के विरोध में मोर्चा खोलते करन्दोला सरपंच संध्या कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जमकर हल्लाबोला। ग्रामीणों को उस दौरान बल मिला जब विरोध प्रदर्शन में जनपद सदस्य जमुना ठाकुर और सरपंच का साथ मिला। सरपंच ठाकुर कहती है,कि ग्राम पंचायत में इससे पूर्व कभी सम्पत्ति कर की व्यवस्था नही थी,फिर एकाएक ग्रामीणों को सम्पत्ति कर व अन्य कर कियो थोपा जा रहा है। जनपद सदस्य जमुना ने कहा ग्रामीणों में आय का जरिया अत्यंत सीमित है। ऐसे में वे सम्पत्ति कर कहां से जमा कर पाएंगे। ग्रामीणों ने कहा सरकार हमारे आय का स्त्रोत बढ़ा नही रही है,कर जमा करने का कानून बनाया है। इस दौरान उप सरपंच सोनसिंह ठाकुर, पंचगणों में सुमिता, जयमकी ठाकुर, मीना ठाकुर, पुगनी कश्यप, मनदई नाग, तिलए कश्यप, कमलेश कश्यप, सुकयनी, गुरुवारी, समेत ग्रामवासी सम्मलित थे।

